# AGRASEN CIVIL SERVICES ACADEMY

*Where tradition meets innovation*

ACSA

**1 से 7 अगस्त**

# साप्ताहिक करेंट अफेयर्स


For


# UPSC / RPSC EXAMS

*and All Other Competitive*



- भारतीय नौसेना ने किया ISRO के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के साथ समझौता
- नए टैक्स प्लेटफॉर्म पर पेमेंट गेटवे को सूचीबद्ध करने वाला पहला बैंक
- भारत की पहली डिजिटल लोक अदालत
- भारत के 14वें उपराष्ट्रपति
- भारतीय नौसेना की ऑल वीमेन एयरक्रू ने रचा इतिहास
- जस्टिस उदय यू. ललित होंगे भारत के 49वें मुख्य न्यायाधीश
- राजस्थान स्पेशल :- राजस्थान के प्रमुख संत एवं संप्रदाय



A UNIT OF

Agrawal PG College, Jaipur

www.acsajaipur.com   +91-8824395504, +91-8290664069

Agrasen Katla, Maharaja Agrasen Marg, Agra Road, Jaipur - 302004 (Raj.)

## यूनिटी बैंक के MD और CEO के रूप में नियुक्त इंद्रजीत कैमोत्रा

- 5 जुलाई 2022 को यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFB) ने इंद्रजीत कैमोत्रा को अपना प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया।
- यूनिटी SFB एक डिजिटल - प्रथम बैंक है जिसे हाल ही में RBI द्वारा अनुसूचित बैंक में पदोन्नत किया गया।
- बैंक ने अपना परिचालन नवंबर 2021 में शुरू किया था।
- जनवरी 2022 में, बैंक ने भारत के पूर्व CAG विनोद राय को भी अपना अध्यक्ष नियुक्त किया।

## राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 57 किग्रा कुश्ती अंशु मलिक ने जीता रजत पदक

- 5 जुलाई 2022 को पहलवान अंशु मलिक ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में महिला फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में रजत पदक जीता।
- वह फाइनल में नाइजीरिया की ओडुनायो फोलासाडे अदेकुओरोये से 3-7 से हार गईं।
- इससे पहले अंशु ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की आइरीन सिमोनिडिस को हराया था।
- 2021 में, अंशु विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में रजत जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थीं।

## भारतीय नौसेना ने किया ISRO के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के साथ समझौता

- भारतीय नौसेना ने 5 जुलाई 2022 को ISRO के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC) के साथ समुद्र विज्ञान और मौसम विज्ञान में उपग्रह आधारित नौसेना अनुप्रयोगों पर डेटा साझाकरण और सहयोग पर एक समझौता किया।
- समझौते के अनुसार, SAC की वैज्ञानिक प्रगति को देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना के प्रयासों में शामिल किया जाएगा।
- ISRO के अध्यक्ष : श्रीधर पणिकर सोमनाथ

## भारतीय सेना ने पहली बार आयोजित की 'मछल महिला क्रिकेट लीग'

- उत्तरी कश्मीर में, भारतीय सेना ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर पहली बार मछल महिला क्रिकेट लीग का आयोजन किया।
- भारतीय सेना ने इस लीग का आयोजन नियंत्रण रेखा (LOC) के किनारे रहने वाले सीमावर्ती जिलों के युवाओं को खेल गतिविधियों में शामिल करने के लिए किया है।
- खेल में मछल, पुष्वरी और डूडी गांव की लड़कियों ने भाग लिया।

## नए टैक्स प्लेटफॉर्म पर पेमेंट गेटवे को सूचीबद्ध करने वाला पहला बैंक बना फेडरल बैंक

- केरल स्थित फेडरल बैंक आयकर (IT) विभाग के TIN 2.0 प्लेटफॉर्म पर अपने पेमेंट गेटवे प्लेटफॉर्म को सूचीबद्ध करने वाला भारत का पहला बैंक बन गया है।
- इसके साथ, करदाताओं को क्रेडिट / डेबिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग जैसे तरीकों का उपयोग करके भुगतान करने का एक और विकल्प मिलेगा।
- कर सूचना नेटवर्क (TIN) कर संग्रह प्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए IT विभाग द्वारा एक पहल है।

### रूपल चौधरी: U20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय

- रूपल चौधरी वर्ल्ड U20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गई हैं।
- 4x400 मीटर रिले रेस में रजत जीतने के बाद, उन्होंने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता।
- रूपल ने 4 अगस्त 2022 को ब्रिटेन की येमी मैरी जॉन (51.50) और केन्या के दमारिस मुटुंगा (51.71) के बाद तीसरे स्थान पर रहते हुए 51.85 सेकंड में दौड़ पूरी की।
- 2 अगस्त को, उन्होंने 4x400 मीटर रिले दौड़ में रजत पदक जीता था।

### बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और दीपक पूनिया ने राष्ट्रमंडल खेलों में जीता स्वर्ण पदक

- 5 जुलाई 2022 को बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और दीपक पूनिया ने 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स बर्मिंघम में कुश्ती में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते।
- पुरुषों के 65 किग्रा फाइनल में, बजरंग ने कनाडा के लचलान मैकनील को हराया जबकि महिलाओं के 62 किग्रा फाइनल में मलिक ने कनाडा की एना गोडिनेज गोंजालेज को हराया।
- दीपक ने पुरुषों के 86 किग्रा फाइनल में पाकिस्तान मुहम्मद इनाम को हराकर अपना पहला राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक जीता।

### तमीम इकबाल बने वनडे में 8000 रन बनाने वाले पहले बांग्लादेशी बल्लेबाज

- हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए पहले वनडे में, वनडे कप्तान तमीम इकबाल वनडे में 8000 रन बनाने वाले बांग्लादेश के पहले बल्लेबाज बने।
- उन्होंने 37,20 के औसत 239 मैच खेलकर यह उपलब्धि हासिल की है।
- उन्होंने 14 वनडे शतक भी बनाए हैं।
- तमीम अब सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों की सूची शामिल हो गए हैं जिन्होंने वनडे में 8000 से अधिक रन बनाए हैं।

### IFFCO नैनो यूरिया छिड़काव योजना की शुरुआत


Mobile No.- 8824395504, 8290664069
Mail ID-acsajaipur@gmail.com
https://t.me/ACSAJAIPUR4IAS https://www.instagram.com/acsajaipur/ https://www.facebook.com/acsajaipur

- गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य भर में भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (IFFCO) नैनो यूरिया छिड़काव योजना शुरू की।
- यह योजना कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देगी और कृषि लागत में कटौती के साथ किसानों की आय में वृद्धि करेगी।
- वित्तीय वर्ष 2022 2023 में योजना के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।

## 13 अगस्त को शुरू होगी भारत की पहली डिजिटल लोक अदालत

- भारत की पहली एंड-टू-एंड डिजिटल लोक अदालत 13 अगस्त, 2022 को आयोजित की जाएगी।
- यह राजस्थान राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (RSLSA) और महाराष्ट्र राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (MSLSA) द्वारा आयोजित की जाएगी।
- यह डिजिटल लोक अदालत जुलाई 2022 में जयपुर में आयोजित 18वीं अखिल भारतीय कानूनी सेवा प्राधिकरण की बैठक के दौरान शुरू की गई थी।

## भारत ने बांग्लादेश को 5-2 से हराकर SAFF अंडर-20 फुटबॉल चैंपियनशिप जीती

- भारत ने 5 अगस्त 2022 को भुवनेश्वर, ओडिशा के कलिंगा स्टेडियम में फाइनल में बांग्लादेश को 5-2 से हराकर SAFF U-20 फुटबॉल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती।
- भारत ने लगातार दूसरी बार यह चैंपियनशिप जीती।
- SAFF - दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन)

## मोहित ग्रेवाल, दिव्या काकरान ने जीते कांस्य पदक

- मोहित ग्रेवाल ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पुरुषों के फ्रीस्टाइल 125 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता।
- उन्होंने जमैका के आरोन जॉनसन को हराया।
- भारतीय पहलवान ने केवल 3 मिनट और 30 सेकंड में पदक जीता।
- भारतीय पहलवान दिव्या काकरान ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में महिलाओं की 68 किलोग्राम फ्रीस्टाइल श्रेणी में कांस्य पदक जीता।

## गांधी और गांधीवादी आंदोलन का उदय

- मोहनदास करमचंद गांधी, जिन्हें गांधी के नाम से भी जाना जाता है।
- वह एक भारतीय वकील, उपनिवेशवाद-विरोधी राष्ट्रवादी और राजनीतिक नीतिशास्त्री थे।

- मोहनदास करमचंद गांधी को 'बापू' (सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया) और राष्ट्रपिता के रूप में भी जाना जाता है।
- "महात्मा" रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा दिया गया है।

### हिरोशिमा दिवस: 6 अगस्त

- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी शहरों पर परमाणु बारी को चिह्नित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 6 अगस्त को हिरोशिमा दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- पहला परमाणु बम 6 अगस्त 1945 को हिरोशिमा पर गिराया गया था और 3 दिन बाद दूसरा बम नागासाकी पर गिराया गया था, जिसमें एक पल में लाखों लोग मारे गए थे।
- दुनिया को परमाणु हथियारों के विनाशकारी परिणामों के बारे में याद दिलाने के लिए प्रत्येक वर्ष हिरोशिमा दिवस मनाया जाता है।

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस: 7 अगस्त

- सामाजिक-आर्थिक विकास में हथकरघा उद्योग के योगदान को उजागर करने और इस क्षेत्र के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 7 अगस्त को भारत में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- यह दिन 1905 में शुरू हुए स्वदेशी आंदोलन की याद में भी मनाया जाता है।
- यह दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था।
- सरकार इस दिन के माध्यम से हथकरघा विरासत की रक्षा करने के अपने संकल्प की पुष्टि करती है।

### विनेश फोगाट ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में फ्रीस्टाइल कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक

- भारत की विनेश फोगाट ने 6 अगस्त 2022 को बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की 53 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने फाइनल में श्रीलंका की चामोद्या केशानी मदुरवलगे को हराया।
- यह लगातार तीसरी बार है जब फोगाट ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता है।
- फोगाट के अलावा, भारत के रवि दहिया ने भी पुरुषों 57 किग्रा कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता।

### जगदीप धनखड़ चुने गए भारत के 14वें उपराष्ट्रपति

- पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ 6 अगस्त 2022 को भारत के 14वें उपराष्ट्रपति चुने गए।

- धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार सुश्री मार्गरेट अल्वा को 346 मतों के अंतर से हराया।
- वह एम. वेंकैया नायडू का स्थान लेंगे।
- धनखड़ 11 अगस्त 2022 को पद की शपथ लेंगे।

## तंजानिया में संयुक्त बुनियादी निवेश हेतु अडानी, एडी पोर्ट्स ने किये MoU पर हस्ताक्षर

- अडानी पोर्ट्स और SEZ तथा एडी पोर्ट्स ग्रुप ने एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर और सॉल्यूशंस में रणनीतिक संयुक्त निवेश के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इनमें तंजानिया में रेल, समुद्री सेवाएं, बंदरगाह संचालन, डिजिटल सेवाएं, औद्योगिक क्षेत्र और समुद्री अकादमियों की स्थापना शामिल है।
- अडानी पोर्ट्स देश की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड पोर्ट्स और लॉजिस्टिक्स कंपनी है।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और भारतीय गुणवत्ता परिषद् के बीच साझेदारी

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) ने भारतीय गुणवत्ता परिषद् (QCI) के साथ छह महीने के लिए साझेदारी की है।
- ऐसा HMIS (स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली) / LMIS (प्रयोगशाला सूचना प्रबंधन प्रणाली) समाधानों को मान्यता और रेट करने के लिए किया गया है, जो आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के साथ एकीकृत हैं।

## अडानी एंटरप्राइजेज ने की इजरायल इनोवेशन अथॉरिटी के साथ साझेदारी

- अडानी ग्रुप की बिजनेस इन्क्यूबेशन शाखा, अडानी एंटरप्राइजेज ने तकनीकी नवाचारों में सहयोग के लिए इज़राइल इनोवेशन अथॉरिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस सौदे में 'अत्याधुनिक नवाचार मंच' का निर्माण शामिल है।
- यह अडानी एंटरप्राइजेज को इजरायली स्टार्ट-अप द्वारा प्रदान किये गए तकनीकी समाधानों को हासिल करने में मदद करेगा, जिससे चयनित नवाचार परियोजनाओं को साझेदारी द्वारा समर्थित किया जाएगा।

## स्वदेशी रक्षा उपकरण विकसित करने के लिए IIT रुड़की और DRDO के बीच साझेदारी

- रक्षा प्रौद्योगिकी विकसित करने और स्वदेशी रक्षा उपकरणों का उत्पादन करने के उद्देश्य से, DRDO ने IIT रुड़की के साथ साझेदारी की है।


Mobile No.- 8824395504, 8290664069
Mail ID-acsajaipur@gmail.com

- IIT रुड़की ने DRDO की डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स एप्लीकेशन लेबोरेटरी (DEAL) के सहयोग से प्रोग्रामेबल रेडियो की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी पावर एम्पलीफायरों का विकास किया है।

### DRDO ने किया स्वदेशी रूप से विकसित लेजर-निर्देशित ATGM का सफल परीक्षण

- स्वदेशी रूप से विकसित लेजर-गाइडेड एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM) का DRDO और भारतीय सेना द्वारा 4 अगस्त 22 को मुख्य युद्धक टैंक MBT अर्जुन से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।
- आर्मर्ड कोर सेंटर एंड स्कूल, महाराष्ट्र के सहयोग से केके रेंज में इसका परीक्षण किया गया।
- यह विस्फोटक अभिक्रियाशील कवच ERA संरक्षित बख्तरबंद वाहनों को हराने के लिए एक उच्च विस्फोटक एंटी टैंक HEAT वारहेड को नियोजित करता है।

### भारतीय नौसेना की ऑल वीमेन एयरक्रू ने रचा इतिहास

- भारतीय नौसेना की पांच महिला अधिकारियों ने अगस्त 2022 में डोर्नियर विमान में उत्तरी अरब सागर में पहला स्वतंत्र समुद्री टोही और निगरानी मिशन पूरा कर दुर्लभ उपलब्धि हासिल की।
- विमान की कप्तानी मिशन कमांडर लेफ्टिनेंट कमांडर आंचल शर्मा ने की थी।
- INAS 314 पोरबंदर, गुजरात में स्थित एक फ्रंटलाइन नेवल एयर स्क्वाड्रन है।

### जस्टिस उदय यू. ललित होंगे भारत के 49वें मुख्य न्यायाधीश

- न्यायाधीश उदय यू. ललित 27 अगस्त, 2022 को भारत के 49वें मुख्य न्यायाधीश (CJI) के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे, एन. वी. रमन्ना ने अगले न्यायाधीश के रूप में उदय यू. ललित की सिफारिश की है।
- हालाँकि ललित का कार्यकाल तीन महीने से भी कम होगा।
- वह न्यायाधीश एस. एम. सीकरी के बाद वकील से सीधे इस पद पर पहुँचने वाले दूसरे न्यायाधीश हैं जो भविष्य में CJI बनेंगे।
- सीकरी 1971 और 1973 के बीच CJI थे।

### वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत का राजकोषीय घाटा 6.5% के आसपास आ सकता है: SBI इकोरैप

- SBI रिसर्च इकोरैप द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में भारत के राजकोषीय घाटा के 6.5 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है, जबकि बजट अनुमान में इसको 6.4 प्रतिशत आँका गया था।
- इसके अलावा, उच्च नॉमिनल GDP कुछ राहत प्रदान करेगा।


Mobile No.- 8824395504, 8290664069
Mail ID-acsajaipur@gmail.com

- रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष में चालू खाता घाटा (CAD) के अनुमान को भी GDP के 3.2 प्रतिशत से संशोधित करके GDP के 3.7 प्रतिशत कर दिया गया है।

## भारतपे ने किया SBI कार्ड के नलिन नेगी को CFO के रूप में नियुक्त

- फिनटेक स्टार्टअप भारतपे ने क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता SBI कार्ड के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी नलिन नेगी अपना CFO नियुक्त किया।
- नेगी नई-दिल्ली स्थित भारतपे के लिए वित्त कार्य का नेतृत्व करेंगे और मार्च 2023 तक इसे Ebitda - पॉजिटिव बनाने में मदद करेंगे।
- Ebitda का अर्थ अर्निंग्स बिफोर इंटरेस्ट, टैक्सेस, डिप्रेशिएशन एंड अमोरटाइजेशन है।

## K-DISC ने किया लिंक्डइन के साथ समझौता

- लिंक्डइन ने केरल डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्ट्रैटेजिक काउंसिल (K-DISC) और ICT एकेडमी ऑफ केरल (ICTAK) के साथ एक समझौता किया।
- केरल नॉलेज इकोनॉमी मिशन (KKEM) पहल के तहत कनेक्ट करियर टू कैंपस (CCC) अभियान के हिस्से के रूप में इस पर हस्ताक्षर किए गए।
- K-DISC केरल सरकार द्वारा गठित एक रणनीतिक थिंक टैंक और सलाहकार निकाय है।

## RBI ने GDP वृद्धि का अनुमान बरकरार रखा; रेपो रेट अब प्री-कोविड स्तर से ऊपर

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति ने तत्काल प्रभाव से रेपो दर, बैंकों को दिया जाने वाला मुख्य उधार दर, को 50 आधार अंकों से बढ़ाकर 5.4% करने का निर्णय लिया।
- तदनुसार स्थायी जमा सुविधा दर और सीमांत स्थायी सुविधा दर को समान मात्रा से बढ़ाकर क्रमश: 5.15% और 5.65% कर दिया गया।
- RBI ने GDP वृद्धि का अनुमान 7.2 फीसदी पर बरकरार रखा।

## NPCI और IIT कानपुर ने किया अनुसंधान सहयोग के लिए समझौता

- IIT कानपुर और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इसे नवीन विचारों पर ज्ञान साझा करने और स्वदेशी डिजिटल भुगतान समाधानों के विकास में सहयोग करने के लिए हस्ताक्षरित किया गया।
- सहयोग NPCI और इसकी सहायक कंपनियों के उत्पादों और सेवाओं के लिए साइबर सुरक्षा नियंत्रण को बढ़ाने में मदद करेगा।

## पुनीत राजकुमार को मिलेगा मरणोपरांत कर्नाटक रत्न

- कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने घोषणा की है कि कन्नड़ फिल्म स्टार पुनीत राजकुमार, जिनका 2021 में निधन हो गया, को 1 नवंबर, 2022 को मरणोपरांत 'कर्नाटक रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- उस दिन कन्नड़ राज्योत्सव, राज्य का स्थापना दिवस मनाया जाता है।
- वह राज्य के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के 10वें प्राप्तकर्ता होंगे।

## पुरुषों की लंबी कूद के फाइनल में मुरली श्रीशंकर ने जीता रजत पदक

- भारत के मुरली श्रीशंकर ने 4 अगस्त 2022 को राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में रजत पदक जीता।
- बर्मिंघम गेम्स 2022 के दौरान ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धा में यह भारत का दूसरा पदक है।
- राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक श्रीशंकर ने पुरुषों की लंबी कूद के फाइनल में बहामास के लाकुयेन नैर्न के बाद दूसरे स्थान पर रहने के अपने पांचवें प्रयास में 8.08 मीटर की छलांग लगाई।

## सुधीर ने जीता पैरा-पावरलिफ्टिंग में भारत का पहला स्वर्ण पदक

- राष्ट्रमंडल खेलों में, पैरा-पावरलिफ्टर सुधीर ने पुरुषों के हैवीवेट फाइनल में 212 किलोग्राम के सर्वश्रेष्ठ वजन के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- सुधीर ने राष्ट्रमंडल खेलों में पैरा-पावरलिफ्टिंग में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने नाइजीरिया के इकेचुकवु ओबिचुकु को 0.9 अंकों से हराया क्योंकि उनका अंतिम स्कोर स्वर्ण पदक के लिए 134.5 अंक का खेल रिकॉर्ड था।

## रंजीत रथ ने किया ऑयल इंडिया के CMD का पदभार ग्रहण

- रंजीत रथ ने ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (CMD) के रूप में पदभार संभाला है।
- रथ, ऑयल इंडिया के CMD के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड के CMD थे।
- उन्होंने भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड के CEO के पदों पर भी कार्य किया है।
- उन्होंने सुशील चंद्र मिश्रा की जगह ली है जो 30 जून, 2022 को सेवानिवृत्त हुए।

## संसद ने पारित किया राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक 2021

- संसद ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक 2021 पारित किया है।

- विधेयक में खिलाड़ियों, सहायक कर्मियों और अन्य व्यक्तियों को डोपिंग से रोकने का प्रावधान किया गया है।
- नए कानून के तहत, डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप परिणामों की निर्हरता हो सकती है, जिसमें पदक, अंक और पुरस्कार की जब्ती, एक निर्धारित अवधि के लिए किसी प्रतियोगिता या कार्यक्रम में भाग लेने की अयोग्यता आदि शामिल हैं।

## राष्ट्रमंडल खेलों में लवप्रीत सिंह ने जीता कांस्य पदक

- लवप्रीत सिंह ने पुरुषों के 109 किग्रा भारोत्तोलन राष्ट्रमंडल खेलों में क्लीन एंड जर्क राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करते हुए कांस्य पदक जीता है।
- उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 192 किग्रा के नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड सहित 355 किग्रा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भार उठाकर पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल किया।
- कैमरून के न्याबेयू ने स्वर्ण पदक जीता जबकि समोआ के जैक ओपेलोगे ने रजत पदक जीता।

## 10 और भारतीय वेटलैंड साइटों को मिला रामसर टैग भाग ||

- रामसर स्थलों के रूप में नामित 10 नए वेटलैंड निम्नलिखित हैं:
- तमिलनाडु में कूनथनकुलम पक्षी अभयारण्य, मन्नार की खाड़ी समुद्री बायोस्फीयर रिजर्व, वेम्बन्नूर वेटलैंड कॉम्प्लेक्स, वेलोड पक्षी अभयारण्य, वेदान्थंगल पक्षी अभयारण्य और उदयमर्थनपुरम पक्षी अभयारण्य ।
- ओडिशा में सतकोसिया गॉर्ज, गोवा में नंदा झील, कर्नाटक में रंगनाथिट्टू पक्षी अभयारण्य और मध्य प्रदेश में सिरपुर वेटलैंड ।

## संस्कृति मंत्रालय ने जारी की तीसरी कॉमिक पुस्तक

- संस्कृति मंत्रालय ने 20 आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियों पर तीसरी कॉमिक पुस्तक जारी की।
- यह बहादुर पुरुषों और महिलाओं के बलिदान को याद दिलाती है जिन्होंने अपनी जनजातियों को प्रेरित किया और ब्रिटिश शासन से लड़ने के लिए अपनी जान दे दी।
- आजादी का अमृत महोत्सव (AKM) के एक भाग के रूप में संस्कृति मंत्रालय ने अमर चित्र कथा (ACK) के सहयोग से 75 स्वतंत्रता सेनानियों पर सचित्र पुस्तक जारी की।

## आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 लागू

- 4 अगस्त 2022 से आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 लागू हुआ।

- नया अधिनियम, आपराधिक मामलों में पहचान और जांच के लिए और रिकॉर्ड को संरक्षित करने के लिए दोषियों और अन्य व्यक्तियों की माप लेने का अधिकार देता है।
- यह उन व्यक्तियों के शरीर के उचित माप लेने के लिए कानूनी स्वीकृति प्रदान करता है जिन्हें इस तरह का माप देना आवश्यक है।

## भारतीय जुडोका तूलिका मान ने जीता रजत पदक

- भारतीय जुडोका तूलिका मान ने महिलाओं के 78 किग्रा फाइनल में स्कॉटलैंड की सारा एडलिंगटन को हराकर रजत पदक जीता।
- इससे बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत की पदक तालिका में 16 पदक शामिल हो गए।
- भारतीय भारोत्तोलक गुरदीप सिंह ने पुरुषों के 109-प्लस किग्रा फाइनल में 390 किग्रा के संयुक्त वजन के साथ कांस्य पदक जीता।
- भारत के सौरव घोषाल ने स्क्वैश पुरुष सिंगल्स में कांस्य पदक जीता।

## IFS अधिकारी श्वेता सिंह PMO में निदेशक नियुक्त

- भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी श्वेता सिंह को 2 अगस्त 2022 को प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।
- सिंह 2008 बैच की IFS अधिकारी हैं।
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) ने सिंह की नियुक्ति की तारीख से तीन साल के लिए उनके कार्यकाल को मंजूरी दी है।

## पिंगली वेंकैया की 146वीं जयंती: 2 अगस्त 2022

- 2 अगस्त 2022 को देश भर में स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया की 146वीं जयंती मनाई गई।
- वेंकैया, एक स्वतंत्रता सेनानी और कट्टर गांधीवादी, 1921 में राष्ट्रीय ध्वज का प्रारंभिक डिजाइन तैयार करने वाले पहले व्यक्ति थे ।
- राष्ट्रीय ध्वज के लिए उनके डिजाइन को अंततः 1921 में विजयवाड़ा में महात्मा गांधी ने मंजूरी दी थी।
- 4 जुलाई 1963 को वेंकैया का निधन हो गया ।

## सहयोगी अनुसंधान के लिए IISc ने किए भारतीय नौसेना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) और भारतीय नौसेना ने विमानन अनुसंधान और विकास पर सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।


Mobile No.- 8824395504, 8290664069
Mail ID-acsajaipur@gmail.com
https://t.me/ACSAJAIPUR4IAS https://www.instagram.com/acsajaipur/ https://www.facebook.com/acsajaipur

- समझौता ज्ञापन के तहत सहयोग के क्षेत्र डिजाइन और शिक्षा प्रौद्योगिकी सहित एरोस्पेस / वैमानिकी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आएंगे।
- यह समझौता आपसी हित के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रमों को भी बढ़ावा देगा।

### ब्लॉकचैन नेटवर्क 5ire ने किया गोवा पुलिस के साथ करार

- गोवा पुलिस ने 2 अगस्त 2022 को अपनी प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लिए ब्लॉकचेन नेटवर्क, 5ire के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौता ज्ञापन के साथ, गोवा पूरी तरह से पेपरलेस होने वाला भारत का पहला पुलिस राज्य बन जाएगा।
- 5ire के साथ यह समझौता गोवा पुलिस को पुलिसिंग में पारदर्शिता और दक्षता में सुधार के लिए एक स्मार्ट पुलिसिंग समाधान लागू करने में मदद करेगा।

### भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने CWG 2022 में जीता स्वर्ण पदक

- भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने 2 अगस्त 2022 को बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता।
- भारत ने फाइनल में सिंगापुर को 3-1 से हराया।
- यह पुरुषों की टीम स्पर्धा में CWG में भारत का तीसरा स्वर्ण पदक है, इससे पहले 2010 और 2018 में प्राप्त हुआ था।
- 2 अगस्त 2022 को, भारतीय महिला लॉन बाउल्स . टीम ने भी राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में अपना पहला स्वर्णपदक जीता।

### हरदीप सिंह पुरी ने किया नई दिल्ली में चौथे ONGC पैरा खेलों का उद्घाटन

- केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 2 अगस्त 2022 को नई दिल्ली में चौथे ONGC पैरा खेलों का उद्घाटन किया।
- इन खेलों में देश भर से लगभग 275 दिव्यांग व्यक्ति (PwD) भाग ले रहे हैं।
- ये सभी 8 केंद्रीय तेल एवं गैस सार्वजनिक उद्यमों के कर्मचारी हैं।
- ONGC पैरा खेलों का पहला संस्करण 2017 में आयोजित किया गया था।

### भारत के लिए विश्व बैंक के कंट्री निदेशक नियुक्त किये गए आगस्त तानो कुआमे

- विश्व बैंक ने आगस्त तानो कुआमे को भारत का कंट्री निदेशक नियुक्त किया है।

- वह जुनैद कमाल अहमद की जगह लेंगे जिन्होंने हाल ही में पांच साल का कार्यकाल पूरा किया है।
- कोटे डी आइवर के नागरिक आगस्त ने हाल ही में तुर्की गणराज्य के लिए विश्व बैंक के कंट्री निदेशक के रूप में कार्य किया।

## राष्ट्रमंडल खेल: भारत ने लॉन बाउल्स में पहली बार जीता स्वर्ण पदक

- 2 अगस्त 2022 को भारत ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों (CWG) में वीमेन फ़ोर्स के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर लॉन बाउल्स में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।
- लवली चौबे, पिंकी सिंह, नयनमोनी सैकिया और रूपा रानी तिर्की की चौकड़ी ने भारत को इस खेल में अपना पहला पदक दिलाया।
- बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेल 2022 में यह भारत का चौथा स्वर्ण पदक था।

## मुंबई में तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

- तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक 3 अगस्त 2022 को मुंबई में RBI गवर्नर शक्तिकांत दास और अन्य MPC सदस्यों की उपस्थिति में शुरू हुई।
- MPC 5 अगस्त को अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेगी।
- MPC वित्तीय वर्ष 2022-23 की नीति पर चर्चा करेगी।
- लगभग 2 वर्षों तक नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखने के बाद, शीर्ष बैंक ने 2022 के लिए दर वृद्धि चक्र को जारी रखा है।

## जुलाई में व्यापार घाटा रिकॉर्ड 31 बिलियन डॉलर पर

- कच्चे तेल और कोयले के आयात में वृद्धि के कारण जुलाई में भारत का व्यापारिक व्यापार घाटा तेजी से बढ़कर 31.02 बिलियन डॉलर हो गया।
- एक साल पहले इसी महीने में व्यापार घाटा 10.63 बिलियन डॉलर था।
- यह लगातार तीसरा महीना है जब मासिक व्यापार घाटे ने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया था - मई में 24.3 बिलियन डॉलर का घाटा हुआ था, इसके बाद जून में 26.2 बिलियन डॉलर का घाटा हुआ था।

## MSME को सशक्त बनाने के लिए SVC बैंक ने SIDBI के साथ की साझेदारी

- SVC सहकारी बैंक (SVC बैंक) और भारत में लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) ने एक समझौते के माध्यम से साझेदारी की घोषणा की है।
- समझौते के अनुसार SIDBI, MSME को ऋण के बेहतर प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के लिए SVC बैंक को पुनर्वित्त सुविधा प्रदान करेगी।

- सिडबी MSME क्षेत्र के संवर्धन, वित्तपोषण और विकास के लिए प्रमुख वित्तीय संस्थान है।

## ऑस्ट्रेलिया में भारत 17 देशों के "पिच ब्लैक" अभ्यास का हिस्सा बनने के लिए तैयार

- भारत ऑस्ट्रेलिया में एक मेगा हवाई युद्ध अभ्यास का हिस्सा होगा जिसमें 17 देशों के लगभग 100 विमान और 2,500 सैन्य कर्मियों की भागीदारी देखने को मिलेगी।
- ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने "पिच ब्लैक " अभ्यास में भारत की भागीदारी की पुष्टि की है।
- यह अभ्यास 19 अगस्त से 6 सितंबर, 2022 के बीच होने वाला है।

## इंडियन ऑयल ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के साथ की साझेदारी

- इंडियन ऑयल ने भारत में अपनी ऐतिहासिक सीमा में 'चीता' के अंतरमहाद्वीपीय स्थानांतरण के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस परियोजना के तहत, नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 8-10 चीतों की एक स्रोत आबादी को मध्य प्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में लाया जाएगा।
- यह एक राष्ट्रीय परियोजना है जिसमें NTCA और मध्य प्रदेश सरकार शामिल है।

## कैबिनेट ने UNFCCC में भारत के अद्यतन NDC को दी मंजूरी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) को सूचित करने के लिए भारत के अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) को मंजूरी दे दी है।
- भारत अब 2005 के स्तर से 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने और 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से लगभग 50% संचयी विद्युत शक्ति स्थापित क्षमता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सुरेश एन. पटेल ने ली केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ

- सतर्कता आयुक्त सुरेश एन पटेल को पद खाली होने के एक साल बाद केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।
- पटेल जून 2022 से कार्यवाहक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (CVC) के रूप में काम कर रहे हैं।
- भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के पूर्व अधिकारी संजय कोठारी ने 24 जून, 2021 को CVC के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया था।

## आगामी 'मेक इन ओडिशा' सम्मेलन के लिए ओडिशा ने की FICCI के साथ साझेदारी


Mobile No.- 8824395504, 8290664069
Mail ID-acsajaipur@gmail.com

- ओडिशा और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) ने FICCI को मेक इन ओडिशा (MIO) सम्मेलन 2022 के लिए राष्ट्रीय उद्योग साझेदार बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- दुनिया भर के निवेशकों और उद्यमियों को आकर्षित करने के लिए, MIO सम्मेलन का तीसरा संस्करण 30 नवंबर से 4 दिसंबर, 2022 तक आयोजित होने वाला है।

### एयर इंडिया के पायलट 65 साल की उम्र तक उड़ा सकेंगे विमान

- एयर इंडिया ने अपने पायलटों को 65 की उम्र तक विमान उड़ाने की अनुमति देने का फैसला किया है।
- एयर इंडिया की सेवानिवृत्ति की उम्र 58 साल की तुलना में DGCA पायलटों को 65 साल की उम्र तक विमान उड़ाने की अनुमति देता है।
- पायलटों को 65 साल की उम्र तक विमान उड़ाने की अनुमति इस क्षेत्र में अधिकांश एयरलाइनों द्वारा दी गयी है।
- सेवानिवृत्ति के बाद एयर इंडिया के पायलटों को अनुबंध के आधार पर 5 साल के लिए सेवा विस्तार देगी।

### प्रसिद्ध गायिका निर्मला मिश्रा का निधन

- प्रसिद्ध बंगाली गायिका निर्मला मिश्रा का 81 वर्ष की आयु में 31 जुलाई 2022 को कोलकाता में निधन हो गया।
- बंगाली के अलावा, उन्होंने उड़िया और असमिया फिल्मों में भी कई गाने गाए।
- उन्हें उड़िया संगीत में उनके आजीवन योगदान के लिए संगीत सुधाकर बालकृष्ण दास पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- उनके लोकप्रिय बंगाली गीतों में 'इमोन एकता झिनुक' 'और 'बोलो तो अर्शी' शामिल हैं।

### कारगिल सेक्टर के द्रास में प्वाइंट 5140 को दिया गया 'गन हिल' नाम

- भारतीय सशस्त्र बलों की जीत का जश्न मनाने और "ऑपरेशन विजय" में गनर्स के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए, कारगिल के द्रास में प्वाइंट 5140 को 'गन हिल' नाम दिया गया है।
- भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा प्वाइंट 5140 पर कब्जा करना 1999 के कारगिल युद्ध के जल्दी पूरा होने का प्रमुख कारक था।
- 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' में जीत की घोषणा की।

### इंग्लैंड ने जर्मनी को हराकर जीता UEFA महिला यूरो 2022

- इंग्लैंड ने 31 जुलाई 2022 को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में UEFA 2022 यूरोपीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप जीती।
- फाइनल में इंग्लैंड ने आठ बार की चैंपियन जर्मनी को 2-1 से हराया।
- 1966 के बाद यह पहला मौका था जब इंग्लैंड ने अंतर्राष्ट्रीय ट्रॉफी जीती है।
- यूरो 2022 UEFA महिला चैंपियनशिप का 13वां संस्करण था जो इंग्लैंड में 6 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक हुआ था।

### सत्येंद्र प्रकाश ने किया PIB के प्रधान महानिदेशक का पदभार ग्रहण

- सत्येंद्र प्रकाश ने 1 अगस्त 2022 को पत्र सूचना ब्यूरो (PIB) के प्रधान महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- वह 1988 बैच के भारतीय सूचना सेवा अधिकारी हैं।
- उन्होंने 31 जुलाई 2022 को सेवानिवृत्त हुए जयदीप भटनागर का स्थान लिया।
- इससे पहले सत्येंद्र प्रकाश केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रधान महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे।

### नितिन गडकरी ने किया मध्य प्रदेश में छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन

- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इंदौर, मध्य प्रदेश में 2300 करोड़ रुपये की 119 किलोमीटर की 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी।
- धार- पीथमपुर औद्योगिक गलियारे के बनने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।
- मध्य प्रदेश में 14 चयनित स्थानों पर रोपवे के निर्माण के लिए राज्य सरकार और NHAI के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

### नॉइज ने वाणी को अपनी नई स्मार्टवॉच के ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना

- नॉइज ने अभिनेत्री वाणी कपूर को अपनी आगामी X-Fit 2 सीरीज स्मार्टवॉच के एंबेसडर के रूप में चुना।
- कंपनी ने पिछले साल ऋतिक रोशन और एक्सीड एंटरटेनमेंट के संयुक्त स्वामित्व वाले फिटनेस ब्रांड HRX के साथ साझेदारी में X-Fit श्रृंखला की घोषणा की थी।
- कंपनी अपने 'कीप गोइंग' अभियान को अपनी डिजिटल संपत्तियों में प्रदर्शित करेगी।

### केरल ने शुरू की आंगनवाड़ी बच्चों के लिए अंडा और दूध योजना

- केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने राज्य के सभी आंगनबाड़ियों में बच्चों को दूध और अंडे उपलब्ध कराने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की एक परियोजना का उद्घाटन किया।

- केरल सरकार ने आंगनबाडी मेन्यू में दूध और अंडे को शामिल करने के लिए 61.5 करोड़ रुपये आवंटित किए।
- प्रत्येक बच्चे को 44 सप्ताह (10 महीने) के लिए सप्ताह में दो दिन 125 मिलीलीटर दूध और सप्ताह में दो बार एक अंडा दिया जाएगा।

### तानिया सचदेव ने जीता 44वां शतरंज ओलंपियाड

- तानिया सचदेव ने चेन्नई के मामल्लापुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड में महिला वर्ग के चौथे दौर के मैच में हंगरी के खिलाफ भारत के लिए 2.5-1.5 से जीत दर्ज की।
- कोनेरू हम्पी, द्रोणावल्ली हरिका और आर. वैशाली ने अपने-अपने मुकाबलों में ड्रॉ के साथ खेल समाप्त किया।
- उन्होंने निर्णायक अंक अर्जित करने के साथ-साथ टीम के लिए मैच जीतने के लिए ज़सोका गाल को हराया।

### राष्ट्रमंडल खेल 2022 में हरजिंदर कौर ने जीता कांस्य पदक

- हरजिंदर कौर ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में महिलाओं के 71 किग्रा फाइनल में कांस्य पदक जीता।
- उन्होंने भारत का सातवां भारोत्तोलन पदक और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कुल नौवां पदक जीता।
- हरजिंदर का कुल प्रयास 212 किग्रा (स्नैच में 93 और क्लीन एंड जर्क में 119 ) का था।
- इंग्लैंड की सारा डेविस ने स्वर्ण पदक जीता।

### SSB के महानिदेशक ने संभाला ITBP का अतिरिक्त प्रभार

- सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक, SSB डॉ. सुजॉय लाल थाओसेन ने 1 अगस्त 2022 को नई दिल्ली में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाला।
- डॉ. थाओसेन 1988 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के IPS अधिकारी हैं।
- IPS संजय अरोड़ा ने डॉ. थाओसेन को कार्यभार और प्रथागत बैटन सौंपा।
- 1962 में स्थापित हुई ITBP भारत-चीन सीमाओं की रक्षा करती है।

### संसद ने किया सामूहिक विनाश के हथियार संशोधन विधेयक पारित

- संसद ने सामूहिक विनाश के हथियार और उनकी वितरण प्रणाली (गैरकानूनी गतिविधियों का निषेध) संशोधन विधेयक 2022 पारित किया।
- यह सामूहिक विनाश के हथियार और उनकी वितरण प्रणाली (गैरकानूनी गतिविधियों का निषेध) अधिनियम, 2005 में संशोधन करेगा।

- 2005 का अधिनियम सामूहिक विनाश के हथियारों संबंधित निर्माण, परिवहन या हस्तांतरण जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाता है।

## वित्त वर्ष 2021-2022 के लिए आयकर रिटर्न 5.73 करोड़ के पार

- वेतनभोगी व्यक्तियों द्वारा वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ITR भरने के अंतिम दिन रविवार को रात 10 बजे तक 63.47 लाख से अधिक आयकर रिटर्न भरे गए।
- उन करदाताओं द्वारा I - T रिटर्न भरने की समय सीमा, जिन्हें 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए अपने खातों का ऑडिट नहीं कराना है, 31 जुलाई, 2022 थी।
- 2021-22 के वित्त वर्ष के लिए रात 10 बजे तक भरे गए ITR की कुल संख्या 5.73 करोड़ से अधिक हो गई।

## टाटा स्टील ने वंदे भारत के लिए पेश किया 'फर्स्ट इन इंडिया' सीटिंग सिस्टम

- टाटा स्टील सितंबर 2022 से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए 'फर्स्ट इन इंडिया' सीटिंग सिस्टम शुरू करेगी।
- ये विशेष रूप से डिज़ाइन की गई सीटें हैं, जो 180 डिग्री घूम सकती हैं और इनमें विमान - शैली की यात्री सुविधाएं हैं।
- वंदे भारत एक्सप्रेस, जिसे ट्रेन 18 के रूप में भी जाना जाता है, भारत की दूसरी सबसे तेज ट्रेन है, जो 130 किमी / घंटा की चाल से चलती है।
- टाटा स्टील के CEO और MD: टी. वी. नरेंद्रन

## विश्व रेंजर दिवस: 31 जुलाई विश्व रेंजर दिवस हर साल 31 जुलाई को मनाया जाता है।

- यह दिन रेंजरों को सम्मानित करने और अपना कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है।
- एक रेंजर आमतौर पर जंगलों और प्राकृतिक रूप से संरक्षित क्षेत्रों की रक्षा करता है।
- इस दिन की स्थापना 2007 में इंटरनेशनल रेंजर फेडरेशन (IRF) द्वारा की गई थी।
- 2022 की थीम 'रेंजर्स आर नो स्ट्रेंजर्स टू डाइवर्सिटी' है।

## मुंबई में चाबहार दिवस सम्मेलन शुरू

- केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 31 जुलाई 2022 को मुंबई में चाबहार दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया।

- केंद्रीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने 'चाबहार दिवस' के अवसर पर इस सम्मेलन का आयोजन किया।
- यह दिन अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है।
- ईरान में स्थित चाबहार बंदरगाह भी INSTC का हिस्सा होगा।

### अनाहत सिंह: 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की सबसे कम उम्र की एथलीट

- 14 वर्षीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह बर्मिंघम में चल रहे 2022 राष्ट्रमंडल खेलों (CWG) में भाग लेने वाली भारत की सबसे कम उम्र की एथलीट हैं।
- वह दिल्ली की रहने वाली हैं और अभी कक्षा 9 में पढ़ रही हैं।
- 2022 में एशियाई जूनियर स्क्वैश में जीत के बाद उन्हें भारतीय टीम के लिए चुना गया था।
- 29 जुलाई 2022 को अनाहत ने CWG 2022 में अपने प्रतिद्वंद्वी जैडा रॉस को हराकर अपना पहला मैच जीता।

### उपराष्ट्रपति ने तमिलनाडु पुलिस को प्रदान किए 'राष्ट्रपति के रंग'

- उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने 31 जुलाई 2022 को तमिलनाडु (TN) पुलिस को प्रतिष्ठित 'राष्ट्रपति के रंग' प्रदान किए।
- यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सैन्य, अर्धसैनिक और पुलिस बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।
- हालाँकि इसे 2009 में तमिलनाडु पुलिस के लिए अनुमोदित किया गया था, लेकिन इसे औपचारिक रूप से नहीं दिया गया था।
- तमिलनाडु यह सम्मान पाने वाला दक्षिण भारत का पहला पुलिस बल है।

### मैक्स वेरस्टापेन ने जीता 2022 हंगेरियन F1 ग्रांड प्रिक्स

- रेड बुल के मैक्स वेरस्टापेन ने 31 जुलाई 2022 को हंगेरियन फॉर्मूला 1 ग्रांड प्रिक्स जीता।
- मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन और उनके साथी जॉर्ज रसेल क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- वेरस्टापेन ने 2022 में अब तक 8 रेस जीती हैं सऊदी अरब जीपी, एमिलिया रोमाग्ना जीपी, मियामी पी, स्पेनिश जीपी, अजरबैजान जीपी, कनाडाई जीपी, फ्रेंच जीपी, और अब हंगेरियन जीपी ।
- यह उनका 70वां पोडियम फिनिश भी था।

### 1 अगस्त से भारत और ओमान आयोजित करेंगे सैन्य अभ्यास 'AL NAJAH-IV

- भारत-ओमान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'AL NAJAH-IV' का चौथा संस्करण 1 अगस्त से 13 अगस्त, 2022 तक राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में होगा ।
- ओमान की रॉयल सेना की 60 सदस्यीय टीम इस अभ्यास में शामिल होगी।
- भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व 18 मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री बटालियन के सैनिक करेंगे।
- इस अभ्यास का पिछला संस्करण मार्च 2019 में मस्कट में आयोजित किया गया था।

## संजय अरोड़ा बने दिल्ली के नए पुलिस आयुक्त

- ITBP के महानिदेशक और 1988 बैच के IPS अधिकारी संजय अरोड़ा को दिल्ली का अगला पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है।
- अरोड़ा राकेश अस्थाना का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 31 जुलाई 2022 को समाप्त हुआ था।
- इससे पहले, अरोड़ा को अगस्त 2021 में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) का DG नियुक्त किया गया था।
- उन्हें 2004 में 'पुलिस मैडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस' से भी नवाजा जा चुका है।

## CWG 2022 में पुरुषों के 67 किग्रा भारोत्तोलन में जेरेमी लालरिनुंगा ने जीता स्वर्ण पदक

- भारतीय भारोत्तोलक जेरेमी लालरिनुंगा ने 31 जुलाई 2022 को बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में पुरुषों के 67 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने क्लीन एंड जर्क सेगमेंट में कुल 160 किग्रा भार उठाया और कुल 300 किग्रा भार उठाया।
- मीराबाई चानू के 30 जुलाई को स्वर्ण पदक जीतने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का यह दूसरा स्वर्ण पदक है।
- चानू ने महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

## जुलाई में GST संग्रह 28% बढ़कर हुआ ₹1.49 लाख करोड़

- माल और सेवा कर (GST) ने जुलाई महीने के दौरान में राजस्व में ₹1,48,995 करोड़ की कमाई की।
- जुलाई में एकत्र किया गया GST पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 28 फीसदी ज्यादा है।
- यह GST शासन की शुरुआत के बाद से दूसरा सबसे अधिक मासिक संग्रह है।
- इस साल की शुरुआत में, GST राजस्व अप्रैल में ₹1,67,540 करोड़ के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया था।
- पिछले 5 महीनों से मासिक GST राजस्व ₹1.4 लाख करोड़ से अधिक है।

## पश्चिम बंगाल में बनेंगे सात नए जिले, कुल संख्या बढ़कर होगी 30


Mobile No.- 8824395504, 8290664069
Mail ID-acsajaipur@gmail.com
https://t.me/ACSAJAIPUR4IAS https://www.instagram.com/acsajaipur/ https://www.facebook.com/acsajaipur

- ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रशासनिक कार्यों को आसान बनाने के लिए राज्य में सात नए जिलों को बनाने का फैसला किया।
- पहले बंगाल में 23 जिले थे जो अब बढ़कर 30 हो गए हैं।
- छह नए जिले के नाम : सुंदरबन, इछेमती, राणाघाट, बिष्णुपुर, जंगीपुर, बेहरामपुर हैं।
- बशीरहाट क्षेत्र में एक और जिला बनेगा।

## केरल 2021 में विधायी सत्रों की मेजबानी में पहले स्थान पर

- .केरल ने 61 दिनों के देश के सबसे लंबे सदन सत्र के, साथ 2021 में फिरसे पहला स्थान हासिल किया।
- PRS लेजिस्लेटिव रिसर्च थिंक टैंक, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है, ने 2021 के लिए राज्य विधानसभाओं के संचालन पर शोध प्रकाशित किया।
- कर्नाटक 40 दिनों के साथ दूसरे स्थान पर आया, उसके बाद 34 दिनों के साथ तमिलनाडु और 43 दिनों के साथ ओडिशा का स्थान है।

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में गुरुराजा पुजारी ने जीता कांस्य पदक

- गुरुराजा पुजारी ने जुलाई 2022 में बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पुरुषों के 61 किग्रा फाइनल में कांस्य पदक जीता।
- पुजारी ने 269 किग्रा (स्नैच में 118 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 151 किग्रा) का संयुक्त भार उठाकर भारत के लिए खेलों का दूसरा पदक सुनिश्चित किया।
- उन्होंने इससे पहले 2018 में गोल्ड कोस्ट गेम्स में रजत पदक जीता था।

## भारत के संकेत सरगर ने जीता 55 किग्रा भारोत्तोलन में रजत पदक

- संकेत महादेव सरगर ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग भारोत्तोलन में रजत पदक जीता।
- उन्होंने स्नैच स्पर्धा में 113 किलोग्राम भार उठाकर जीत हासिल की।
- इसके बाद उन्होंने क्लीन एंड जर्क में भी शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने अपने पहले प्रयास में 135 किग्रा भार उठाया और फिर 139 किग्रा उठाने के अपने दोनों प्रयासों में असफल रहे।
- उन्होंने कुल 248 किलोग्राम भार उठाया।

## विश्व स्तनपान सप्ताह 2022 : 1-7 अगस्त

- 1-7 अगस्त के बीच विश्व स्तनपान सप्ताह 2022 मनाया जा रहा है।
- स्तनपान का समर्थन और उसको प्रोत्साहित करने के लिए, WHO और संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (UNICEF) ने 1990 में एक ज्ञापन बनाया था।
- इसके बाद, 1991 में वर्ल्ड एलायंस फॉर ब्रेस्टफीडिंग एक्शन (WABA) की स्थापना की गई।
- पहला विश्व स्तनपान सप्ताह 1992 में मनाया गया था।

### भारतीय और फ्रांसीसी नौसेनाओं ने किया अटलांटिक में अभ्यास का आयोजन

- INS तरकश ने 29-30 जुलाई 2022 को उत्तरी अटलांटिक महासागर में फ्रांसीसी नौसेना के जहाजों के साथ एक समुद्री साझेदारी अभ्यास (MPX) का आयोजन किया।
- तरकश और फ्रांसीसी फ्लीट टैंकर FNS सोम्मे के बीच समुद्र में पुनः पूर्ति का अभ्यास किया गया।
- इसके बाद समुद्री निगरानी विमान फाल्कन 50 के साथ संयुक्त हवाई अभियान का आयोजन हुआ, जिसमें कई नकली मिसाइलों के कार्यान्वयन और वायु रक्षा अभ्यासों में भाग लिया गया।

### अचिंता शुली ने जीता भारत के लिए तीसरा स्वर्ण पदक

- राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में पुरुषों के 73 किग्रा फाइनल चिंता शुली ने देश का तीसरा स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने स्नैच में 143 किग्रा का उच्चतम भार उठाया - जो एक खेल रिकॉर्ड है - और क्लीन एंड जर्क श्रृंखला में 170 किग्रा भार उठाकर, एक प्रभावशाली और रिकॉर्ड तोड़ 313 किग्रा का भार उठाया।
- राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में यह भारत का छठा पदक था।

### वियतनाम-भारत द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास "EX VINBAX 2022" की शुरूआत

- तीसरा वियतनाम-भारत द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास "Ex VINBAX 2022" 1 अगस्त 2022 को चंडीमंदिर में शुरू हुआ।
- यह 20 अगस्त 2022 तक जारी रहेगा।
- यह अभ्यास, 2019 में वियतनाम में पहले आयोजित किए गए द्विपक्षीय अभ्यास की अगली कड़ी है।
- Ex VINBAX - 2022 का विषय एंप्लॉयमेंट एंड डेप्लॉयमेंट ऑफ एन इंजीनियरिंग कंपनी एंड ए मेडिकल टीम एज पार्ट ऑफ यूनाइटेड नेशंस कंटिजेंट फॉर पीस कीपिंग ऑपरेशंस है।

## राजस्थान स्पेशल

## राजस्थान के प्रमुख संत एवं संप्रदाय

# सगुण भक्ति धारा

## शैव संप्रदाय

- भगवान शिव की उपासना करने वाले शैव कहलाते हैं।
- शैव मत के कापालिक एवं पाशुपात संप्रदायों का राजस्थान में काफी विस्तार हुआ है।

नाथ संप्रदाय

- नाथ संप्रदाय के प्रवर्तक मुनि थे।
- मत्स्येंद्रनाथ, भृतहरी, आदि प्रसिद्ध संत थे।
- राजस्थान में नाथ मत की शाखाएं -
- बेरंग पंथ पुष्कर के पास राताडूगा
- माननाथी पंत - ( जोधपुर का महा मंदिर)

# प्रमुख वैष्णव संप्रदाय

## रामानुज संप्रदाय

- प्रवर्तक 11 वीं सदी में रामानुजाचार्य। 15 राम की पूजा अर्चना की जाती है।

## रामानंदी संप्रदाय

- भारत में रामानंद के शिष्य गुरु रामानंद के द्वारा वैष्णव आंदोलन परिवर्तित मत रामानंदी संप्रदाय कहलाया।
- कबीर जी, धनाजी, पीपाजी,सेनानाई, रैदास आदि इन के प्रमुख शिष्य हुए।
- कान में रामानंदी संप्रदाय का प्रारंभ संत श्री कृष्ण दास जी पयहारी ने किया।
- इनकी प्रमुख पीठ गलता जी, जयपुर है।

## निंबार्क संप्रदाय

- आचार्य निंबार्क द्वारा 12 वीं सदी में परिवर्तित। राजस्थान में प्रधान पीठ किशनगढ़( अजमेर) के समीप सलेमाबाद में है।
- जो आचार्य परशुराम द्वारा स्थापित की गई थी इसे हंस संप्रदाय भी कहते हैं।

## वल्लभ संप्रदाय

- प्रवर्तन वल्लवाआचार्य द्वारा सोनी सदी में( पुष्टिमार्गीय) वृंदावन में वल्लवाआचार्य के पुत्र विट्ठलनाथ ने "अष्टछाप कवि मंडली" का संगठन किया।
- इस संप्रदाय की विभिन्न पीठ निम्न है-
- प्रमुख पीठ : विट्ठलनाथजी, नाथद्वारा
- मथुरेश जी, कोटा
- द्वारकाधीश जी, कांकरोली

- गोकुलनाथजी, गोकुल( उत्तर प्रदेश)
- गोकुल चंद्र जी - कामवन( भरतपुर)
- किशनगढ़ के शासक सावंत सिंह जी( भक्त नागरी दास) इस संप्रदाय के परम भक्त हो गए थे।

### ब्रहमा या गौड़ीय संप्रदाय

- स्वामी माधवाचार्य द्वारा 12 वीं सदी में परिवर्तित। इस संप्रदाय को जन जन तक फैलाने का कार्य उनके गौरांग महाप्रभु चैतन्य ने किया।
- उन्होंने रासलीला एवं संकीर्तनी को कृष्ण भक्ति का मध्यम बनाया।

## निर्गुण भक्ति धारा

### जसनाथी

- संत जसनाथ जी द्वारा प्रवर्तित। प्रमुख पीठ कतरियासर (बीकानेर) । उपदेश : सिंभूदडा व कोंडा ग्रंथ में संग्रहित है।
- अनुयायियों के लिए 36 धर्म नियम है। संप्रदाय के साधु जीवित समाधि लेते हैं।
- धधकते अंगारों पर अग्नि नृत्य संप्रदाय की प्रमुख विशेषता है।
- इस संप्रदाय के अधिकांश अनुयाई जाट है।

### बिश्नोई संप्रदाय

- संप्रदाय के प्रमुख पीठ मुकाम तलवा( नोखा, बीकानेर) है।
- संप्रदाय के प्रवर्तक जांभोजी थे।
- जंभ सागर, जंभ संहिता, बिश्नोई धर्म प्रकाश प्रमुख ग्रंथ है।
- अनुयायियों को 38 नियमों के पालन का उपदेश, जिनमें हरे वृक्षों के काटने पर रोक, जीवो पर दया करना, नशीली वस्तुओं के सेवन पर प्रतिबंध आदि प्रमुख है।
- पर्यावरण सुरक्षा हेतु पुराना तक का बलिदान कर देने के लिए यह संप्रदाय प्रसिद्ध है।

### दादू पंथ

- दादू पंथ की प्रमुख पीठ नारायणा( जयपुर), प्रमुख शिष्य गरीब दास जी, मिस्कीन दास जी, मखना जी, रजब्ब जी, सुंदर दास जी थे।
- उपदेश : दादू जी री वाणी व दादू जी रा दूहा में संग्रहीत।
- भाषा - हिंदी मिश्रित सधूकड़ी।
- संत दादू को राजस्थान का कबीर कहा जाता है
- नारायणा में भैराना पहाड़ी पर स्थित गुफा, जिसमें दादू जी ने समाधि ली।

### लालदास जी संप्रदाय

- मेवात क्षेत्र के मध्यकालीन संत लाल दास जी द्वारा प्रवर्तित। प्रमुख स्थल शेरपुरा एवं धोली दूव तथा नगला गांव।
- अलवर भरतपुर के महल जाति के लोग इसके अनुयाई है।


Mobile No.- 8824395504, 8290664069
Mail ID-acsajaipur@gmail.com
https://t.me/ACSAJAIPUR4IAS https://www.instagram.com/acsajaipur/ https://www.facebook.com/acsajaipur

## चरणदासी पंथ

- संत चरणदास जी(1703-1782) द्वारा प्रवर्तित। इनकी प्रमुख वीट दिल्ली संत जी का जन्म डेहरा( अलवर) मैं हुआ।
- इन्होंने नादिरशाह के आक्रमण की भविष्यवाणी की थी।

## रामस्नेही संप्रदाय

- राजस्थान में रामस्नेही संप्रदाय का प्रवर्तन श्री राम चरण दास जी ने किया।
- इसकी राजस्थान में चार प्रमुख पीठे हैं -
- शाहपुरा(भीलवाड़ा) मुख्य पीठ - संत राम चरण द्वारा परिवर्तित।
- रैण शाखा( मेड़ता, नागौर) - संत दरियाव जी द्वारा परिवर्तित।
- सिंहथल शाखा( बीकानेर) - संत हरिराम दास जी द्वारा परिवर्तित। प्रमुख कृति निशानी थी।
- खेड़ापा शाखा( जोधपुर) - संत रामदास जी द्वारा परिवर्तित।

## निरंजनी संप्रदाय

- प्रवर्तक संत हरिदास जी प्रमुख पीठ गाढ़ा ,डीडवाना (नागौर) में है।

# राज्य के अन्य लोग संत

## संत पीपा (1383-1453)

- इनका जन्म गागरोन। संत रामानंद जी से ली। दर्जी समुदाय के आराध्य।
- इनका प्रमुख मंदिर समदड़ी ग्राम, बाड़मेर में है जहां इला भरता है।
- संत पीपा कुछ समय टोडा ग्राम, टोंक में भी रहे जहां पीपा जी की गुफा है।

## संत सुंदरदास जी

- दादू जी के परम शिष्य थे। इनका जन्म दोसा व निधन सांगानेर में हुआ।
- उन्होंने दादू पंथ में नागा शाखा का प्रचार किया।
- इनका प्रमुख ग्रंथ ज्ञान समुंदर, ज्ञान सवैया, सुंदर ग्रंथावली आदि।

## मीरा

- उनके जन्म का नाम पेमल था। पिता श्री रतन सिंह जी राठौड़ बाजोली के जागीरदार थे।
- इनका विवाह मेवाड़ के महाराणा संग्राम सिंह(सांगा) के पुत्र भोजराज से हुआ।
- पति की मृत्यु के बाद कृष्ण भक्ति में तल्लीन हो गई।
- मीरा की पदावलीया प्रसिद्ध है। उनकी मृत्यु गुजरात के डाकोर स्थित रणछोड़ मंदिर में हुई।

## संत मावजी

- बागड़ प्रदेश के संत जिनका जन्म साबला ग्राम डूंगरपुर में हुआ।


Mobile No.- 8824395504, 8290664069
Mail ID-acsajaipur@gmail.com
https://t.me/ACSAJAIPUR4IAS https://www.instagram.com/acsajaipur/ https://www.facebook.com/acsajaipur

- प्रमुख मंदिर एवं पीठ : माही नदी के निकट साबला ग्राम। इन्होंने वागडी भाषा में कृष्ण लीलाओं की रचना की।
- इनकी वाणी( उपदेश) चोपड़ा कहलाती है। यह कृष्ण के ने कलंकी अवतार के रूप में प्रतिष्ठापित है।


Mobile No.- 8824395504, 8290664069
Mail ID-acsajaipur@gmail.com
https://t.me/ACSAJAIPUR4IAS https://www.instagram.com/acsajaipur/ **https://www.facebook.com/acsajaipur**